संख्या–cm-25
09/01/2020

मुख्यमंत्री ने मॉ चंडिका की पूजा अर्चना कर राज्य में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की

पटना, 09 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुँगेर स्थित शक्ति पीठ मॉ चंडिका स्थान जाकर मॉ चंडिका की पूजा अर्चना की। मुख्य पुरोहित नंदन बाबा ने मुख्यमंत्री को विधिवत पूजा अर्चना करायी। मुख्यमंत्री ने राज्य में सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, सांसद श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री गुप्तेश्वर पाण्डेय, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******